राजस्थान सरकार के बजट की दूसरे राज्यों के अधिकारी समीक्षा करने आ रहे हैं : धारीवाल

कोटा, (निसं)। राजस्थान सरकार के बजट का दूसरे राज्यों के अधिकारी आकर विश्लेषण एवं बजट को इंप्लीमेंट करने के सरकार के फार्मूले का अध्ययन करने आ रहे हैं ताकि सभी सेक्टर में राहत प्रदान करने वाले बजट को अपने राज्यों में भी लागू करने के प्रयास कर सकें।

नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल ने कोटा में हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के दौरान सकतपूरा क्षेत्र में पदयात्रा के दौरान मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि राजस्थान सरकार ने जो बजट पेश किया है वो प्रदेशवासियों को प्रत्येक सेक्टर में बड़ी राहत प्रदान करने वाला है, बजट आने के बाद से जनता में उत्साह का माहौल है आमजन बजट की आगे आकर प्रशंसा कर रहे है।

उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में भी जा रहे हैं आमजन बजट की खुले दिल से सराहना कर कांग्रेस को आगामी चुनाव में भारी मतों से जीत के लिए भी आश्वस्त कर रहा है। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल के नेतृत्व में सोमवार को कोटा उत्तर निगम के वार्ड नंबर 2 सकतपुरा क्षेत्र में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत पदयात्रा निकाली गई।

कोटा में यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने अपने आवास पर जनसुनवाई करते हुए लोगों की समस्याओं का समाधान किया है।

पदयात्रा के दौरान यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल कांग्रेस नेता अमित धारीवाल क्षेत्र की गली, मोहल्लों में पहुंचे क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर विकास कार्यों का फीडबैक लिया और जहां भी कोई समस्या क्षेत्र वासियों द्वारा बताई गई उसको जल्द दुरुस्त करवाने के लिए भी आश्वस्त किया पदयात्रा का जगह जगह पर आतिशबाजी फूल-मालाओं से स्वागत हुआ मंत्री शांति धारीवाल और अमित धारीवाल से लोग आत्मीयता के साथ मिले कोटा में हुए अभूतपूर्व विकास कार्यों पर आभार जताया। पदयात्रा के दौरान मंत्री शांति धारीवाल ने क्षेत्रवासियों को प्रदेश की सरकार द्वारा बजट में की गई घोषणाओं के बारे में भी चर्चा की।

पदयात्रा के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष नेवालाल गुर्जर, ललित शर्मा पार्षद अनूप कुमार अनु यूथ कांग्रेस अध्यक्ष श्याम सिंह जादौन , पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजीव आचार्य सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे, वही शाम को मंत्री शांति धारीवाल ने नदीपार क्षेत्र के काली बस्ती इलाके से पदयात्रा की शुरुआत कर वार्ड 2 की गलियों, मोहल्ले में पहुंच स्थानीय लोगों से मुलाकात कर सरकार की योजनाओं एवं बजट पर चर्चा कर समस्याओं को भी सुन जल्द निस्तारण के लिए आश्वस्त किया।

मदरसा बोर्ड चेयरमैन मंत्री धारीवाल से मुलाकात करने पहुंचे:-नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल सात दिवसीय कोटा प्रवास पर है इस दौरान मंत्री शांति धारीवाल विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं सिविल लाइन आवास पर सोमवार को राज्य मदरसा बोर्ड के चेयरमैन एम डी चोपदार ने कोटा प्रवास के दौरान नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल से सिविल लाइंस स्थित निवास पर शिष्टाचार भेंट करने पहुँचे। इस दौरान पीसीसी सदस्य डॉ जफर मोहम्मद सहित अन्य नेता भी उपस्थित रहे।

- मंत्री शांति धारीवाल के नेतृत्व में नदीपार क्षेत्र में पदयात्रा
- घर-घर पहुंचकर क्षेत्रवासियों से धारीवाल ने मुलाकात की

जंगली शाह बाबा उर्स पोस्टर का विमोचन:- जंगली शाह बाबा का 78वां उर्स 12 मार्च शुरू होगा। 3 दिवसीय उर्स के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का अयोजन होगा। सोमवार को सिविल लाइन्स आवास पर मंत्री उर्स के पोस्टर का विमोचन किया। विमोचन के मौके पर कमेटी के सदर सहित पदाधिकारी रहे मौजूद रहे।

सिविल लाइन आवास पर मंत्री धारीवाल ने की जनसुनवाई:- नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल ने कोटा प्रवास के दौरान सोमवार को सिविल लाइन आवाज पर दोपहर 3 से 4 तक जनसुनवाई कर जनसुनवाई में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और निस्तारण के लिए आश्वस्त किया जन सुनवाई के दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं आमजन से मंत्री शांति धारीवाल रूबरू हुए और उनके ज्ञापन भी लिए गए। जन सुनवाई के दौरान प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

रोड की चौड़ाई ठेकेदार द्वारा कम रखी जाने पर आक्रोशित व्यापारियों ने प्रदर्शन किया

कोटा में रोड की चौड़ाई कम रखे जाने पर व्यापारियों ने नाराजगी जताई है।

कोटा, (निसं)। गीता भवन से सब्जीमंडी के लिए बनने वाले रोड़ पर रोड़ की चौड़ाई ठेकेदार द्वारा कम रखी जाने पर आक्रोशित व्यापारियों द्वारा मुझे इसकी जानकारी पंकज बागड़ी (होलसेल व्यापार महासंघ हाड़ौती संभाग अध्यक्ष) को दी गई।

सूचना मिलने पर पंकज बागड़ी तुरंत मौके पर पहुंचे एवं मौके पर पहुंच कर व्यापारियों एवं ठेकेदार से बात की उसके बाद संबंधित अधिकारियों से फोन पर बात की जिस पर उन्होंने व्यापारियों की इच्छा अनुसार रोड़ को बनाने का आश्वासन दिया है एवं बोला कि सभी व्यापारियों को शांत करें व्यापारियों की इच्छा अनुसार कार्य कर दिया जाएगा। अत: अधिकारियों से मिले आश्वासन के आधार पर मैंने सभी को शांत रहने एवं विरोध ना करने की सलाह देते हुए सभी को वहां से वापस भेज दिया। आर.डी.मीणा को भी फोन पर इस बारे में बताया जिस पर उन्होंने लिखित में जानकारी देने का एवं कार्य को सही तरीके से करवाने का आश्वासन दिया। यदि आने वाले समय में ठेकेदार द्वारा लापरवाही की गई तो व्यापारी इसका विरोध करेंगे। जिसकी जिम्मेदारी ठेकेदार एवं यूआईटी की होगी। क्योंकि जो कार्य यूआईटी नागरिकों के लिए करवा रही है वह उनके सुविधा अनुसार ही होना चाहिए तभी उसका उचित लाभ नागरिकों को एवं व्यापारियों को मिलेगा।

- पंकज बागड़ी ने मौके पर पहुंच कर ठेकेदार से बातचीत कर मामला शांत कराया

सेवानिवृत पुलिस कार्मिकों के संगठन नवागत पुलिस अधीक्षक शरद चौधरी से वार्ता की

कोटा, (निसं)। शरद चौधरी द्वारा हाल ही में पुलिस अधीक्षक जिला कोटा शहर का कार्यभार ग्रहण किए जाने के अवसर पर राजस्थान पुलिस सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण संस्थान के सम्भागीय अध्यक्ष नवनीत महर्षि तथा कोटा शहर के जिलाध्यक्ष तेजराज सिंह के संयुक्त नेतृत्व में संस्थान के सदस्यों ने उनके कार्यालय में उनसे शिष्टाचार भेंट की व पुष्पगुच्छ तथा पुष्पहार से उनका स्वागत किया।

औपचारिक वार्ता के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों से संबंधित अपनी मांगों से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया और उनके निराकरण की मांग की। साथ ही शाहबुद्दीन, सेवानिवृत सहायक उप निरीक्षक के अनुपयोजित उपार्जित अवकाश का नगद भुगतान का मुद्दा भी उठाया गया। चौधरी द्वारा ऐसी सभी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने हेतु आश्वस्त किया गया।

कोटा के पुलिस अधीक्षक से सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों ने मुलाकात की है।

शिष्टमंडल में संभागीय उपाध्यक्ष नरेंद्र कासट तथा प्रमोद शर्मा, महासचिव सलाउद्दीन सिद्दीकी, जिला महासचिव के के शर्मा, उपाध्यक्ष, भंवर सिंह हाड़ा, कार्यालय मंत्री बुधराज सिंह हाड़ा, प्रचार मंत्री राघवेंद्र सिंह, संगठन मंत्री सत्यपाल सिंह, सूरजभान सिंह, बृजमोहन महावर एवम नंदलाल आदि सम्मिलित रहे।

स्वायत्त शासन मंत्री से बालिका छात्रावास के लिए भूखण्ड की मांग की

कोटा, (निसं)। बैरवा विकास समिति की अति-आवश्यक बैठक विनोबा भावे नगर स्थित महर्षि बालिनाथ छात्रावास पर समिति के अध्यक्ष राजेश वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

समिति के महामंत्री सूरजकरण बड़गोत्या ने बताया कि बैठक में विगत दिसम्बर माह में समिति द्वारा आयोजित महर्षि बालिनाथ जयंती पर बालिका छात्रावास को लेकर उठाई मांग पर चर्चा की गई। बैठक में अध्यक्ष राजेश वर्मा ने सदस्यों को बताया कि समिति स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल से लगातार संपर्क में हैं और उनसे लगातार बालिका छात्रावास के लिए भूखण्ड आवंटन का आग्रह कर रही है।

- बैरवा विकास समिति की आवश्यक बैठक संपन्न, समाज को जानकारी दी

उन्होंने कहा कि शिक्षा नगरी में देश के विभिन्न राज्यों से कोटा आकर पढ़ने वाली छात्राओं के लिए समिति यहां बालिका छात्रावास का निर्माण कर सहूलियत देना चाहती है, इसके लिए राज्य सरकार से रियायती दर पर भूखण्ड की मांग की गई है।

उन्होंने कहा कि स्वायत्त शासन मंत्री समाज की इस मांग पर शीघ्र ही निर्णय लेकर समाज को सौगात देंगे तो पूरा कोटा ही नहीं अपितु पूरे राजस्थान प्रदेश और देश का बैरवा समाज उनका आभारी रहेगा। बैठक में मुख्य रूप से बैंक मैनेजर सत्यनारायण बैरवा, आयकर अधिकारी रामजीलाल बैरवा, आकाशवाणी से सेवानिवृत्त अधिकारी आरआर वर्मा, अध्यक्ष राजेश कुमार वर्मा, महासचिव सूरजकरण बड़गोत्या, उपाध्यक्ष शान्तनु कुमार बैरवा, कोषाध्यक्ष धनराज बैरवा, उपसचिव नंदकिशोर ठेकेदार, प्रेमशंकर जाटव, उपाध्यक्ष जमुनाशंकर मामा, प्रेस प्रवक्ता लेखराज वर्मा, दामोदर बैरवा, राजेन्द्र बैरवा, घनश्याम बैरवा, सुरेश बैरवा, मनोज प्रेमी, नंदकिशोर, सेवानिवृत्त अध्यापक नरोत्तम वर्मा समेत बड़ी संख्या में समाजबंधु मौजूद रहे।

सार-समाचार

महापौर मंजू मेहरा ने बैठक ली

कोटा, (निसं)। स्वच्छता सर्वेक्षण-2023 की तैयारी के तहत नगर निगम कोटा उत्तर की महापौर मंजू मेहरा ने सफाई महकमें के अधिकारियों एवं जमादारों की सोमवार को महापौर कक्ष में एक बैठक ली। महापौर मंजू मेहरा ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण-2023 के सर्वेक्षण में अधिक से अधिक नम्बर लाने के लिए कोटा उत्तर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को और बेहत्तर बनाने के प्रयासो के दृष्टिगत समस्त सेक्टर के स्वास्थ्य निरीक्षकों को निर्देशित किया गया है कि वो अपने-अपने वार्डो के जमादारों से दैनिक सफाई कार्यो के सम्बंध में वार्ता कर वार्डो के कार्यो की रिपोर्ट लें। साथ ही खुद भी वार्डो में जाएं और सफाई कार्यो का निरीक्षण करें। महापौर मेहरा ने यह भी निर्देशित किया कि सफाई कार्य से जुड़े संसाधनों की आवश्यकता होने पर महापौर अथवा उच्च अधिकारियों को अवगत कराएं। जिससे कि तत्परता से समस्या का समाधान किया जा सके। साथ ही उन्होंने जमादारो को निर्देश दिए है कि वो प्रतिदिन की सफाई कार्य प्रगति की रिपोर्ट चार्ट भी तैयार करें। बैठक के दौरान, स्वास्थ्य अधिकारी सतीश मीणा, सहायक अभियंता गैरिज प्रखर गोयल, एवं समस्त स्वास्थ्य निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

फाग महोत्सव धूमधाम से मनाया

कोटा, (निसं)। अग्रवाल फ्रेंड्स क्लब की ओर से सोमवार को फाग महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। क्लब की चेयरपर्सन लक्ष्मी गोयल व सचिव प्रिया जिंदल ने बताया कि महिलाओं ने बढ़-चढ़कर फाग महोत्सव पर राधा-कृष्ण के संग फूलों की होली खेली। इस दौरान ''छोटी छोटी गईया..'', ''फागुन आयो रे नंदलाल...'' जैसे मीठे मीठे भजनों पर राधा कृष्ण के प्रतिरूप बनी महिलाओं के साथ रास किया। उन्होंने फूलों की होली खेली और खूब नाची। होली के भक्ति गीतों के साथ लोकगीतों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को गुलाल का तिलक लगाकर फागोत्सव की बधाई दी गई। संरक्षिका सुनीता गोयल, किरण अग्रवाल, किरण गोयल व भावना अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर गुलाल से होली खेलने, जल बचाने व होली में लकड़ी की जगह कंडे जलाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर दीपा गर्ग, दीपा जैन, रजनी अग्रवाल, कविता अग्रवाल, माला जिंदल, ज्योति मित्तल, अनिता बंसल, रेणु गुप्ता, रचना अग्रवाल, कल्पना अग्रवाल, लता गुप्ता, गुंजन गुप्ता सहित अनेक महिलाएं उपस्थित थी।

गौरव गुप्ता जिला मंत्री नियुक्त

कोटा, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हिमांशु शर्मा के निर्देशानुसार व कोटा शहर जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी की स्वीकृति से गौरव गुप्ता को भाजयुमो कोटा शहर कार्यकारिणी में जिला मंत्री नियुक्त किया गया है। यह जानकारी मोर्चा के शहर जिलाध्यक्ष सुदर्शन गौतम ने दी। गौतम ने बताया कि मोर्चा की ओर से रविवार को स्टेशन क्षेत्र स्थित उमराव मल सभागार में पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 57 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। इस दौरान भाजपा शहर जिला उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश शर्मा, युवा मोर्चा महामंत्री नरेंद्र मेघवाल, मण्डल महामंत्री समीर सुमन, जिला मंत्री हन्नी वर्मा, जिला मंत्री सुमित दुबे, सरपंच सुनील मीणा, युवा नेता सुनील गहलोत सौरभ गुप्ता, सत्येंद्र चौधरी, आशु केवट आदि उपस्थित रहे।

पाइप लाइन के रखरखाव के कारण आज शहर के कई क्षेत्रों में जलापूर्ति बन्द

कोटा, (निसं)। सकतपुरा इन्टेक वैल पर नए वीटी पम्पों का 1400 एमएम हैडर से मिला कार्य व कुन्हाड़ी सेन्ट्रल बैंक के सामने 18 राइजिंग मैन पाइप लाइन पर वाल्व लगाने का कार्य तथा 130 एमएलडी जल शोधन संयंत्र सकतपुरा में स्थापित स्वच्छ जलाशय की सफाई का कार्य करवाए जाने के लिए मंगलवार 21 फरवरी को प्रात: 10 से रात्रि 8 बजे तक शट-डाउन रहेगा, जिसके कारण जल शोधन संयंत्र द्वारा जलापूर्ति बन्द रहेगी। अधिशाषी अभियन्ता जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी श्याम माहेश्वरी ने बताया कि शट-डाउन के दौरान नदी पार सम्पूर्ण सकतपुरा, नान्ता, बालिता, सम्पूर्ण कुन्हाड़ी, बड़गांव जोन, सम्पूर्ण, बून्दी रोड़ क्षेत्र, शम्भपुरा जोन, नयाखेड़ा, नयापुरा, सिविल लाइन्स, लाड़पुरा, खाईरोड़, खण्ड गांवडी, दोस्तपुरा, आर्मी क्षेत्र, खेड़ली फाटक, मालारोड़, जनकपुरी, गुरूद्वारा रोड़, भीमगंजमण्डी, डडवाडा, सम्पूर्ण स्टेशन क्षेत्र, कैलाशपुरी जोन, भदाना जोन, कालातालाब जोन, सोगरिया जोन, आकाशवाणी कॉलोनी, सरस्वती कॉलोनी, पुलिस लाईन रोड़ की समस्त कॉलोनियां, आरके नगर, शिव नगर, बोरखेड़ा जोन, बारां रोड, नया नोहरा जोन, चन्द्रेसल जोन, रोटेदा, रायपुरा जोन क्षेत्र में 21 फरवरी को प्रात: 10 से रात्रि 8 बजे तक जलापूर्ति नहीं हो सकेगी। उन्होंने बताया कि इन क्षेत्रों में सांयकालीन जलापूर्ति कम जल दबाव से हो पाएगी। 22 फरवरी से जलापूर्ति सामान्य रहेगी। उन्होंने इन क्षेत्रों के समस्त पेयजल उपभोक्ताओं से आव्हान किया है कि प्रात: काल की सप्लाई के समय में ही आवश्यक मात्रा में पेयजल संग्रहण कर लें।

भक्ताम्बर पाठ का आयोजन

कोटा, (निसं)। दिगम्बर जैन सोशल गुप वर्धमान के तत्वावधान में भक्ताम्बर पाठ का श्रद्धामय आयोजन किया गया जिसमें जैन समाज के वरिष्ठ सदस्यगण मौजूद रहे। सचिव महावीर जैन बरमुंडा ने बताया कि समाज में धर्म के प्रति जागृति व धर्मग्रंथों को पढ़ने की आदत बनाने के क्रम में पाठ का आयोजन किया।

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 4469 जाहिर आम सूचना दिनांक - 20.2.23

आवास संख्या 1-म-26 विज्ञान नगर कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री अजीत चन्द्र जैन पुत्र श्री इन्द्र चन्द्र जैन को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री अजीत चन्द्र जैन पुत्र श्री इन्द्र चन्द्र जैन के नाम दिनांक 09.05.1984 को किया गया। श्री अजीत चन्द्र जैन पुत्र श्री इन्द्र चन्द्र जैन की मृत्यु दिनांक 14.03.2008 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके समस्त वारिसानों श्रीमती संध्या जैन पत्नी श्री रमेश चन्द्र जैन पुत्री स्व. श्री अजीत चन्द्र जैन द्वारा उक्त आवास में निहित अपने-अपने हिस्सो का त्याग जरिये स्वत्व परित्याग पत्र (रिलीज डीड) आलेखित कर दिनांक 21.10.2021 को श्री ओम प्रकाश जैन पुत्र स्व. श्री अजीत चन्द्र जैन के पक्ष में किया गया एवं माननीय न्यायालय अपर जिला न्यायाधीश क्रम 2 कोटा द्वारा दिनांक 19.07.2022 के आदेश (राजीनामा) की पालना में आवास का हस्तांतरण श्रीमती किरण जैन पत्नी श्री जम्बू कुमार जैन एवं श्री ओम प्रकाश जैन पुत्र स्व. श्री अजीत चन्द्र जैन द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम स्वत्व परित्याग पत्र (रिलीज डीड) के आधार पर संयुक्त रुप से दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अत: उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन इनकी मृत्यु उपरांत इनके समस्त वारिसानों श्रीमती संध्या जैन पत्नी श्री रमेश चन्द्र जैन पुत्री स्व. श्री अजीत चन्द्र जैन द्वारा उक्त आवास में निहित अपने-अपने हिस्सों का त्याग जरिये स्वत्व परित्याग पत्र (रिलीज डीड) आलेखित कर दिनांक 21.10.2021 को श्री ओम प्रकाश जैन पुत्र स्व. श्री अजीत चन्द्र जैन के पक्ष में किया गया एवं माननीय न्यायालय अपर जिला न्यायाधीश क्रम 2 कोटा द्वारा दिनांक 19.07.2022 के आदेश (राजीनामा) की पालना में आवास का हस्तांतरण श्रीमती किरण जैन पत्नी श्री जम्बू कुमार जैन एवं श्री ओम प्रकाश जैन पुत्र स्व. श्री अजीत चन्द्र जैन द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन स्वत्व परित्याग पत्र (रिलीज डीड) के आधार पर श्रीमती किरण जैन पत्नी श्री जम्बू कुमार जैन एवं श्री ओम प्रकाश जैन पुत्र स्व. श्री अजीत चन्द्र जैन के नाम संयुक्त रुप से दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन स्वत्व परित्याग पत्र (रिलीज डीड) के आधार पर श्रीमती किरण जैन पत्नी श्री जम्बू कुमार जैन एवं श्री ओम प्रकाश जैन पुत्र स्व. श्री अजीत चन्द्र जैन का नाम संयुक्त रुप से दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन स्वत्व परित्याग पत्र (रिलीज डीड) के आधार पर श्रीमती किरण जैन पत्नी श्री जम्बू कुमार जैन एवं श्री ओम प्रकाश जैन पुत्र स्व. श्री अजीत चन्द्र जैन के नाम संयुक्त रुप से दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक:-644 नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना दिनांक:-17.2.23

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा योजना श्रीनाथपुरम-बी आवासीय योजना में आवास संख्या 635 का आवंटन/हस्तांतरण श्रीमती जानकी देवी पत्नी श्री रामपाल को आवंटन/हस्तांतरण पत्र क्रमांक 472 दिनांक 31.03.2005 को आवंटन/हस्तांतरण किया गया था। आवंटी श्रीमती जानकी देवी पत्नी श्री रामपाल द्वारा उक्त आवास का मुख्तारआम श्रीमती सीमा शर्मा पत्नी श्री कीर्ति कुमार शर्मा को मुख्तारआम नियुक्त किया गया है। मुख्तारआम श्रीमती सीमा शर्मा पत्नी श्री कीर्ति कुमार शर्मा द्वारा उक्त आवास संख्या 635 श्रीनाथपुरम-बी आवासीय योजना को जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 21.09.2022 से श्री कीर्ति कुमार शर्मा पुत्र श्री विनोद कुमार शर्मा को विक्रय कर दिया है। क्रेता श्री कीर्ति कुमार शर्मा पुत्र श्री विनोद कुमार शर्मा के द्वारा नाम हस्तान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास संख्या 635 श्रीनाथपुरम-बी आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्री कीर्ति कुमार शर्मा पुत्र श्री विनोद कुमार शर्मा के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक:-643 नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना दिनांक:-17.2.23

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा योजना श्रीनाथपुरम-ए आवासीय योजना के भूखंड संख्या 92 का आवंटन/हस्तांतरण श्रीमती रेणु तायल पत्नी श्री सोमवीर तायल को आवंटन/हस्तांतरण पत्र क्रमांक 861 दिनांक 26.08.2008 को किया गया था। आवंटी श्रीमती रेणु तायल पत्नी श्री सोमवीर तायल द्वारा उक्त आवास का मुख्तारआम श्री हेमन्त कुमार गौत्तम पुत्र श्री मोहन लाल को मुख्तारआम नियुक्त किया गया है। उक्त भूखंड का मुख्तारआम श्री हेमन्त कुमार गौत्तम पुत्र श्री मोहन लाल द्वारा उक्त भूखंड संख्या 92 श्रीनाथपुरम-ए आवासीय योजना को जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 31.01.2014 से श्री नरेश कुमार पुत्र श्री श्री लधाराम को विक्रय कर दिया है। क्रेता श्री नरेश कुमार पुत्र श्री श्री लधाराम के द्वारा नाम हस्तान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास संख्या 92 श्रीनाथपुरम-ए आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्री नरेश कुमार पुत्र श्री श्री लधाराम के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक:-531 विक्रय स्वीकृति चाहने बाबत आम सूचना दिनांक:-20.2.23

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा योजना मुकुन्दरा विहार आवासीय का भूखंड/आवास संख्या 317 श्री गजेन्द्र सुमन पुत्र श्री भैरुलाल जी को आवंटन/नीलामी पत्र दिनांक 15.10.2015 के द्वारा आवंटन किया गया था। अत: उक्त भूखण्ड की विक्रय स्वीकृति जर्ये मुख्तारआम श्री रविन्द्र पाल सिंह पुत्र श्री रामचन्द्र सिंह द्वारा नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम विक्रय स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखंड/आवास संख्या 317 योजना मुकुन्दरा विहार आवासीय की विक्रय स्वीकृति श्री गजेन्द्र सुमन पुत्र श्री भैरुलाल जी जर्ये मुख्तारआम श्री रविन्द्र पाल सिंह पुत्र श्री रामचन्द्र सिंह के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

अवैध कॉलोनी काटने के दौरान ड्रेन व धोरे हो रहे हैं अवरूद्ध

कोटा, (निसं)। अवैध कॉलोनी काटने वाले प्रोपर्टी डीलरों के हौंसले इतने बुलंद हो गए हैं कि वह प्रशासन की आंख में धूल झौंक रहे हैं वहीं अधिकारियों की मिलीभगत से शिकायत के बाद भी उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है। ऐसे में प्रोपर्टी डीलरों द्वारा सरकारी सम्पत्ति को ही नुकसान पहुंचाया जा रहा है और ड्रेन व धारों को अवरूद्ध कर दिया गया है, जिस कारण खेतों तक पानी भी नहीं पहुंच रहा है।

किसानों का अब खेती करना मुश्किल हो रहा है। अब किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही प्रशासन ने उचित कार्रवाई नहीं की तो किसानों को पर आने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। राजेश विजय पुत्र जगदीश विजय निवासी भदाना तहसील लाड़पुरा जिला कोटा ने संभागीय आयुक्त व जिला कलेक्टर को दिए ज्ञापन में बताया कि किसानों की कृषि भूमि ग्राम भदाना तहसील लाडपुरा जिला कोटा राजस्थान में स्थित है तथा उक्त कृषि भूमियों के पानी की निकासी के लिए सी.ए.डी विभाग द्वारा केचमेन्ट ड्रेन का निर्माण किया गया है। ड्रेन के दोनो तरफ आने जाने के लिए रास्ते बनाए गए है जिसमे प्रत्येक खातेदार की आराजी मे से 0. 07 की कटौती कर कृषि कार्य एवं किसानों की सुविधा के लिए ड्रेन एवं रास्ते एवं धोरो का निर्माण किया गया है।

कुछ असामाजिक तत्वों जो प्रोपर्टी डीलर का कार्य करते हैं तथा कृषि भूमि पर बिना सरकारी परमिशन व भू रूपानतंरण के आवासीय कॉलोनी गैर कृषि कार्य में उपयोग कर रहे।

कृषि भूमि पर आवासीय कॉलोनियों के कारण किसानों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने बताया कि उक्त कृषि कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने तथा प्रार्थी व अन्य काश्तकारों को कृषि कार्य में नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से सीआईडी विभाग द्वारा बनाई गई ड्रेन तथा रास्तों को बिगाड़ कर प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा बनाई जा रही अवैध आवासीय कॉलोनी के लिए ड्रेने व धोरों को बिगाड़ कर तथा पानी की निकासी को अवरुद्ध कर सरकारी संपत्ति का दुरुपयोग कर रोड़ बनाया रहे हैं। प्रार्थी द्वारा उक्त आपराधिक कार्य के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए संभागीय आयुक्त कोटा को 2 जनवरी 2023 व 25 जनवरी 2023 को प्रार्थना पत्र पेश किया।

- संभागीय आयुक्त, जिला कलेक्टर को परिवाद दिया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई

इसके अतिरिक्त पुलिस थाना रेलवे कॉलोनी व जिला कलेक्टर के कार्यालय में भी प्रार्थना पत्र पेश किया है, लेकिन अभी तक भी उक्त लोगों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गई है और उनके द्वारा ड्रेन व रास्तों तथा पानी की निकासी को रोककर रोड़ बना लिया है। यदि ड्रेन व पानी की निकासी व रास्ते को बहाल नहीं किया गया तो प्रार्थी व अन्य किसानों को कृषि कार्य करना संभव नहीं रहेगा।

उन्होंने दिए गए ज्ञापन में कहा कि प्रोपर्टी डीलरों द्वारा नष्ट कर बनाए गए रोड़ को हटाकर ट्रेन में रास्ते तो धोरों को फिर से यथास्थिति में बनाए जाने एवं ट्रेन को नष्ट करने वाले अपराधिक व्यक्तियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग की है।

एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड

(ए शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड़, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

परिशिष्ट IV (देखें नियम 8 (1) कब्जा सूचना)

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 का सपठित नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना पत्र दिनांक 05 दिसम्बर 2022 को संदर्भ संख्या CB/SAR/13-2/BB/DEC-22/02 ऋण खाता संख्या: 9001220319886407 व 9001222621459290 निर्गमित की जिसमें माँग करते हुए ऋणी/ सह-ऋणी/ बंधककर्ता/ जमानतदार लीमा एन्टरप्राइसेज जरिए प्रोपराइटर श्रीमती दिपीका (ऋणी), श्रीमती दिपीका पत्नी श्री विजय कुमार सैनी (जमानतदार), विजय कुमार सैनी पुत्र श्री राम नारायण सैनी (जमानतदार), श्री राम नारायण सैनी पुत्र श्री लक्ष्मण (जमानतदार/ बंधककर्ता), श्रीमती गोर्धनी बाई पत्नी श्री राम नारायण सैनी (जमानतदार/ बंधककर्ता), श्री महेन्द्र कुमार पुत्र श्री राम नारायण सैनी (जमानतदार/ बंधककर्ता), श्रीमती संतोष देवी पत्नी श्री महेन्द्र कुमार (जमानतदार/ बंधककर्ता) को नोटिस में वर्णित के लिए ऋण खाता संख्या : 9001220319886407 रूपये 9,78,276/- (नौ लाख अठाहत्तर हजार दो सौ छिहत्तर मात्र) व ऋण खाता संख्या : 9001222621459290 रूपये 1,80,942/- (एक लाख अस्सी हजार नो सौ बयालीस) सामूहिक रूप से कुल रूपये 11,59,218/- (ग्यारह लाख उनसठ हजार दो सौ अठारह मात्र) दिनांक 2 दिसम्बर 2022 तक कुल देय (जिसमे शामिल मूलधन, ब्याज, पेनल्टी एवं अन्य शुल्क) सम्पूर्ण बकाया राशि के भुगतान तक भविष्य का ब्याज व शुल्क अतिरिक्त की राशि इस नोटिस की प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिये कहा गया था।

ऋणी/बंधककर्ता के वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बंधककर्ता एवं समान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित उक्त नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा 18 फरवरी 2023 को अधिग्रहण कर लिया है।

ऋणियों का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

ऋणी/सह ऋणी/बंधककर्ता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार में के लिए ऋण खाता संख्या : 9001220319886407 रूपये 10,29,252/- (दस लाख उनतीस हजार दो सौ बावन मात्र) व ऋण खाता संख्या : 9001222621459290 रूपये 1,94,754/- (एक लाख चौरानबे हजार सात सौ चौवन) सामूहिक रूप से कुल रूपये 12,24,013/- (बारह लाख चौबीस हजार तेरह मात्र) दिनांक 14 फरवरी 2023 तक सम्पूर्ण बकाया राशि के भुगतान तक भविष्य का ब्याज व शुल्क अतिरिक्त की राशि एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

स्थावर सम्पत्ति का विवरण

1. संपत्ति के सभी अभिन्न अंग सम्पत्ति स्थित मकान सर्वे नं. रे-584, रंगबारी, कच्ची बस्ती, कोटा, राजस्थान क्षेत्रफल 109.66 वर्ग गज, जो कि श्रीमती गोर्धनी बाई पत्नी श्री राम नारायण पुत्र श्री लक्ष्मण के स्वामित्व में है।
पूर्व : राघव सेन का मकान पश्चिम : रामपाल पांचल का मकान
उत्तर : रोड व महेन्द्र कुमार सैनी का मकान दक्षिण : मोहन लाल सेन का मकान

2. संपत्ति के सभी अभिन्न अंग सम्पत्ति स्थित मकान सर्वे नं. रे-584 फर्स्ट रंगबारी कच्ची बस्ती, कोटा (रे-1195) क्षेत्रफल 109.79 वर्ग गज, जो कि महेन्द्र कुमार पुत्र श्री राम नारायण व श्रीमती संतोष पत्नी श्री महेन्द्र कुमार के स्वामित्व में है।
पूर्व : राघव सेन का मकान पश्चिम : रामपाल पांचल का मकान
उत्तर : रोड दक्षिण : गोर्धनी बाई का मकान

दिनांक: 18.02.2023 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : कोटा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड